झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद
JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD
T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.org.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

पत्रांकः– PC/PH/DMK/01/2026..... राँची, दिनांक.....

प्रेषक

कुमार मणिभूषण,
पर्यावरण अभियन्ता–सह–
प्रभागीय प्रमुख, दुमका।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
झारखण्ड सरकार, राँची।

विषयः **"M/s Amchua Stone Mine of Shri Ravi Shankar Kumar at Village : Amchua, Thana: Shikaripara, District: Dumka, Jharkhand (2.92 Ha)" से संबंधित संलग्न सूचना प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपयुर्क्त विषय के प्रसंग में इस पर्षद से संबंधित संलग्न सूचना को निम्नलिखित स्थानीय समाचार पत्रों में जो **दुमका** जिला में पढ़ा जा सके, दर्शाये गये तिथि के अनुसार डी०ए०भी०पी० दर पर प्रकाशन कराया जाय। विज्ञापन सामग्री की एक सॉफ्ट कॉपी भी पत्र के साथ संलग्न की जा रही है।

1. प्रभात खबर, **दुमका** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **13/06/2026**
2. हिन्दुस्तान टाईम्स, **दुमका/राँची** संस्करण — एक दिन प्रकाशन तिथि **13/06/2026**

कृपया दर्शाये गये तिथि को (प्रथम एवं अंतिम पृष्ट को छोड़कर) 10cmx12cm में उपरोक्त दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन सुनिश्चित किया जाय। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् विज्ञापित सामग्रियों की दो दो प्रति विपत्र के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। विज्ञापन का भुगतान डी०ए०भी०पी० दर पर किया जायेगा।

इसमें सक्षम प्राधिकार का आदेश निहित है।

अनु0:– यथोपरि।

विश्वासभाजन्

ह0/–
(कुमार मणिभूषण)
पर्यावरण अभियन्ता–सह–
प्रभागीय प्रमुख, दुमका।

ज्ञापांकः– PC/PH/DMK/01/2026..1868..... राँची, दिनांक 09/06/2026

प्रतिलिपिः– 1. **लेखा शाखा,** झा0रा0प्र0नि0प0, मुख्यालय, राँची को सूचनार्थ प्रेषित।

2. **श्रीमती रौशनी सिंह,** सहायक (CS Environment Cell) को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि उक्त लोक सुनवाई की सूचना पर्षद के Website पर अपलोड कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगी।

3. **श्री एन0 एच0 रिजवी,** डाटा एंट्री ऑपरेटर (आ0) को सूचनार्थ एवं निदेशित किया जाता है कि विज्ञापन सामग्री Information and Public Relation Department के वेबसाईट पर अपलोड कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे।

(कुमार मणिभूषण)
पर्यावरण अभियन्ता–सह–
प्रभागीय प्रमुख, दुमका।

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.org.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

लोक सुनवाई की सूचना

" **M/s Amchua Stone Mine of Shri Ravi Shankar Kumar at Village : Amchua, Thana: Shikaripara, District: Dumka, Jharkhand (2.92 Ha)"** की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की तिथि झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, द्वारा **दिनांक 25/07/2026 (दिन–शनिवार)** को पूर्वाहन् –11:30 बजे, **"At- Amchua Village,"** में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना के सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप Covid-19 के दौरान केन्द्र सरकार और/अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गए दिशा–निर्देशों के आलोक में पर्याप्त समाजिक दूरी, फेस मास्क एवं अन्य सुरक्षा उपाय (Adequate Social Distancing, Face Mask and Other safe guards) का पालन करते हुए लोक सुनवाई में भाग लें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से उक्त लोक सुनवाई की तिथि से **एक सप्ताह पूर्व** तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, **दुमका/** पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, क्षेत्रीय कार्यालय, **दुमका** में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.2009 एवं कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप होगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजेक्ट का ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक–एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, **दुमका।**
2. जिला उद्योग केन्द्र, **दुमका।**
3. जिला पर्षद/नगर निगम, **दुमका।**
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० डिविजन भवन, पोस्ट– धुर्वा, **राँची।**
5. क्षेत्रीय कार्यालय–सह–प्रयोगशाला, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, क्षेत्रीय कार्यालय, **दुमका।**
6. एकिकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, हरमु बाईपास रोड, राँची – 834 002
7. संबंधित पंचायत।
8. संबंधित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय, **दुमका।**
   इसमें सक्षम प्राधिकार का आदेश निहित है।

(कुमार मणिभूषण)
पर्यावरण अभियन्ता–सह–
प्रभागीय प्रमुख, दुमका।